Punjab Kesari

# डी.एल.एड. की परीक्षा 31 मई को, जबकि ई.एम.आर.एस.एस.टी. के लिए आवेदन मार्च से

धर्मशाला, 10 दिसम्बर (ब्यूरो) : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की ओर से वर्ष 2026 में करवाए जाने वाली महत्वपूर्ण परीक्षाओं का शैड्यूल जारी कर दिया गया है। इसमें 10 विषयों की टैट परीक्षाओं का वर्ष में दो बार संचालन करवाया जाएगा।



टैट की पहली परीक्षाएं 7 जून 2026 से जबकि दूसरी बार 22 नवम्बर से आयोजित करवाई जाएंगी। डिप्लोमा इन एलीमैंटरी एजुकेशन डी.एल.एड. की 31 मई व ई.एम.आर.एस.एस.टी. की 26 अप्रैल को करवाई जाएंगी।

शैड्यूल जारी होने से अन्य विभागीय प्रतियोगी व प्रवेश परीक्षाओं की तिथियों में टकराव की स्थिति न रहने की बात बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने कही है। डा. राजेश शर्मा ने बताया कि वर्ष 2026 में होने वाली महत्वपूर्ण परीक्षाओं का शैड्यूल पहले से ही जारी कर दिया गया है। इससे छात्रों को अपनी तैयारियां करने व अन्य परीक्षाओं से तिथियों से टकराव की स्थिति नहीं बनेगी।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की ओर से एकलव्य मॉडल रैजिडैंसियल स्कूल सलैक्शन टैस्ट ई.एम.आर.एस.एस.टी. की परीक्षा 26 अप्रैल 2026 को सुबह 10 से 12 बजे करवाई जाएगी। इसके लिए मार्च में आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। डिप्लोमा इन एलीमैंटरी एजुकेशन डी.एल.एड. की परीक्षा 31 मई को करवाई जाएगी, इसके लिए आवेदन अप्रैल 2026 में आमंत्रित किए जाएंगे।

वर्ष में पहली अध्यापक पात्रता परीक्षा टैट परीक्षाएं जून में होंगी, इसके लिए अप्रैल में आवेदन करने होंगे। टैट परीक्षा एक दिन में दो करवाई जाएंगी, जिसमें सुबह का सत्र 10 से साढ़े 12 व दोपहर बाद दो से साढ़े चार बजे तक होंगी।

इसमें 7 जून को स्पैशल एजुकेटर कक्षा पांच व स्पैशल एजुकेटर कक्षा आठ, 13 जून को टी.जी.टी. आर्ट्स टैट व टी.जी.टी. मैडीकल, 14 जून को जे.बी.टी. टैट व टी.जी.टी. संस्कृत, 17 जून को पंजाबी व ऊर्दू व 21 जून को टी.जी.टी. नॉन मैडीकल व टी.जी.टी. हिंदी की टीचर एलिजिबिलिटी टैस्ट टैट परीक्षा करवाई जाएगी।

## 2 सत्रों में होंगी परीक्षाएं

इसके साथ ही नवम्बर में होने वाली परीक्षाएं भी पहले की तर्ज पर दो सत्रों में ही करवाई जाएंगी। आवेदन करने को सितम्बर में मौका दिया जाएगा। इसमें 22 नवम्बर को सुबह के सत्र में टी.जी.टी. आर्ट्स व सायं सत्र में टी.जी.टी. मैडीकल, 29 नवम्बर को जे.बी.टी. टैट व टी.जी.टी. संस्कृत, 6 दिसम्बर को टी.जी.टी. नॉन मैडीकल व टी.जी.टी. हिंदी, 12 दिसम्बर को स्पैशल एजुकेशन पांच कक्षा व सायं को स्पैशल एजुकेटर अप टू आठवीं कक्षा, 13 दिसम्बर को पंजाबी टैट व उर्दू टैट की परीक्षा होगी।


दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# 10 विषयों की टेट परीक्षा का शेड्यूल तय

## प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने जारी की डेटशीट, प्रतिभागियों को तैयारी का मिलेगा ज्यादा समय

सवेरा न्यूज/यशपाल सिंह

धर्मशाला,10 दिसंबरः प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की ओर से 2026 में करवाए जाने वाली परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। अगले साल बोर्ड द्वारा 10 विषयों की टेट परीक्षाओं को साल में दो बार करवाया जाएगा,जिसमें टेट की पहली परीक्षाएं सात जून 2026 से जबकि दूसरी बार 22 नवंबर से आयोजित करवाई जाएंगी। वहीं, डिप्लोमा ईन एलिमेंटरी एजुकेशन डीएलएड की 31 मई व ईएमआरएसएसटी की 26 अप्रैल को करवाई जाएंगी। यह जानकारी बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने दी । हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की ओर से एकलव्य मॉडल रजिडेंसियल स्कूल सिलेक्शन टेस्ट ईएमआरएसएसटी की परीक्षा 26 अप्रैल 2026 को सुबह 10 से 12 बजे करवाई जाएगी, इसके लिए मार्च में आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। डिप्लोमा इन एलीमेंटरी एजुकेशन डीएलएड की परीक्षा 31 मई को करवाई



डा. राजेश शर्मा

जाएगी, इसके लिए आवेदन अप्रैल 2026 में आमंत्रित किए जाएंगे। वर्ष में पहली अध्यापक पात्रता परीक्षा टेट परीक्षाएं जून में होंगी, इसके लिए अप्रैल में आवेदन करने होंगे। टेट परीक्षा एक दिन में दो करवाई जाएंगी, जिसमें सुबह का सत्र 10 से साढ़े 12 व दोपहर बाद दो से साढ़े चार बजे तक होंगी। इसमें सात जून को स्पेशल एजुकेटर कक्षा पांच व स्पेशल एजुकेटर कक्षा आठ, 13 जून को टीजीटी आर्ट्स टेट व टीजीटी मेडिकल, 14 जून को जेबीटी टेट व टीजीटी संस्कृत, 17 जून को पंजाबी व ऊर्दू व 21 जून को टीजीटी नॉन मेडिकल व टीजीटी हिंदी की टेट परीक्षा करवाई जाएगी। इसके साथ ही नवंबर में होने वाली परीक्षाओं में भी पहले की तर्ज पर दो सत्रों में ही करवाई जाएंगी, आवेदन करने को सितंबर में मौका दिया जाएगा। इसमें 22 नवंबर को सुबह के सत्र में टीजीटी आर्टस व सायं सत्र में टीजीटी मेडिकल, 29 नवंबर को जेबीटी टेट व टीजीटी संस्कृत, छह दिसंबर को टीजीटी नॉन मेडिकल व टीजीटी हिंदी, 12 दिसंबर को स्पेशल एजुकेशन पांच कक्षा व सांय को स्पेशल एजुकेटर अपटू आठवीं कक्षा, 13 दिसंबर को पंजाबी टेट व उर्दू टेट की परीक्षा होगी।

वर्ष 2026 में होने वाली महत्वपूर्ण परीक्षाओं का शैडयूल पहले से ही जारी कर दिया गया है। जिससे छात्रों को अपनी तैयारियां करने व अन्य परीक्षाओं से तिथियों से टकराव की स्थिति नहीं बनेगी।

(डा. राजेश शर्मा,अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड)

दैनिक सवेरा टाइम्स
Thu, 11 December 2025
epaper.dainiksaveratimes.in/c/78711242